हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मैदागिन, वाराणसी -221001 (यू.पी.)
HARISHCHANDRA POST GRADUATE COLLEGE
Maidagin, Varanasi - 221001 (U.P.)
कार्यालय : 0542-13084563 ईमेल : principalhcpg.vns@gmail.com
www.hcpgcollege.edu.in
ESTD : 1866

पत्रांक / Ref. No. ............................ दिनांक / Dated ............................

# हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी

**विषय:** Institutional Development Plan: IDP (2023–28) बैठक कार्यवृत्त प्रतिवेदन

**प्रस्तावना:**

हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी द्वारा संस्थागत गुणवत्ता संवर्धन, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु Institutional Development Plan (IDP 2023–28) तैयार की गई। IDP के सफल कार्यान्वयन, सतत समीक्षा एवं NAAC निरीक्षण की तैयारी के उद्देश्य से विभिन्न सत्रों में IDP/IQAC बैठकों का आयोजन किया गया। प्रस्तुत समेकित बैठक कार्यवृत्त प्रतिवेदन तीन शैक्षणिक सत्रों (2023–24, 2024–25, 2025–26) में सम्पन्न बैठकों, निर्णयों, क्रियान्वयन,भविष्य योजनाओं एवं चुनौतियों का वर्णनात्मक विवरण प्रस्तुत करता है।

## सत्र: 2023–24 (Initiation Phase)

- **संदर्भ एवं उद्देश्य:**

  सत्र 2023–24 IDP के आरंभिक चरण के रूप में चिन्हित किया गया। इस सत्र में IDP 2023–28 के Commitments को समझने, प्राथमिकताओं के निर्धारण तथा संस्थागत तैयारियों पर केंद्रित बैठकें आयोजित की गईं।

- **बैठक गतिविधियाँ एवं IDP Commitments:**

दिनांक 09.07.2023 तथा दिनांक 02.10.2023 एवं 11.11.2023 को आयोजित बैठकों में समेकित रूप से NEP–2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम क्रियान्वयन, Academic Bank of Credits (ABC), ICT आधारित शिक्षण, शोध एवं नवाचार तथा NAAC दस्तावेजीकरण जैसे प्रमुख Commitments पर विस्तृत चर्चा की गई तथा समिति के सदस्यों द्वारा स्मार्ट कक्षाओं, LMS तथा डिजिटल संसाधनों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया।

- **निर्णय एवं कार्यवाही:**

यह निर्णय लिया गया कि NEP–2020 के अनुसार कक्षाओं की समीक्षा एवं क्रियान्वयन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार Academic Bank of Credits के लिए विद्यार्थी पंजीकरण प्रक्रिया को गति दी की जाएगी। ICT संसाधनों के सुदृढ़ीकरण हेतु चरणबद्ध योजना बनाई गई।

- **भविष्य योजना (IDP के अनुसार):**

स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना, LMS का प्रारंभ, संकाय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम तथा NAAC SSR हेतु साक्ष्य संकलन को अगले सत्र में प्राथमिकता दी जाएगी।

- **कठिनाइयाँ:**

वित्तीय सीमाएँ, तकनीकी अवसंरचना की कमी तथा मानव संसाधन की सीमित उपलब्धता प्रमुख चुनौतियाँ रहीं।

## सत्र: 2024–25 (Implementation Phase)

- **संदर्भ एवं उद्देश्य:**

इस सत्र में IDP Commitments के वास्तविक क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा पर
केन्द्रित बैठकें आयोजित की गईं।

- **बैठक गतिविधियाँ एवं IDP Commitments:**

दिनांक 12.12.2024 को आयोजित बैठक में स्मार्ट कक्षाओं, ICT टूल्स, महाविद्यालय केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों की सूची को ऑनलाइन करने हेतु प्रस्ताव, पुस्तकालय में वाई फाई की व्यवस्था एवं पाठ्यक्रम से सबंधित सन्दर्भ पुस्तकें, शोध गतिविधियों एवं सामुदायिक सहभागिता पर कार्यवाही की समीक्षा की गई।

- **निर्णय एवं कार्यवाही:**

ICT आधारित शिक्षण को सुदृढ़ किया गया तथा शिक्षकों को ई-अधिगम सामग्री के निर्माण हेतु प्रेरित करने का निर्णय लिया गया। महाविद्यालय केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों की सूची को ऑनलाइन करने हेतु OPAC (Online Public Access Catalog) सफलतापूर्वक लगा दिया गया साथ ही पुस्तकालय में वाई-फाई की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई एवं पाठ्यक्रम से सबंधित विभिन्न विषयों की 50 सन्दर्भ पुस्तकें क्रय कर ली गई, शोध एवं नवाचार हेतु कार्यशालाओं के आयोजन तथा

महाविद्यालय के उत्साही शिक्षकों को ऐसी गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया गया।

- **भविष्य योजना:**

  महाविद्यालय के कार्यरत शिक्षकों द्वारा शोध प्रकाशनों में वृद्धि तथा NAAC तत्परता को और मजबूत करना।

- **कठिनाइयाँ:**

  कार्यभार में वृद्धि, प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं संसाधनों की सीमाएँ।

## सत्र: 2025–26 (Consolidation Phase)

- **संदर्भ एवं उद्देश्य:**

  इस सत्र का उद्देश्य IDP क्रियान्वयन का समेकन, समीक्षा एवं भविष्य उन्मुख योजना बनाना रहा।

- **बैठक गतिविधियाँ:**

  दिनांक 13.12.2025 को आयोजित बैठक में IDP के Mid-term goals, NAAC feedback preparedness एवं सतत गुणवत्ता सुधार पर चर्चा की गई साथ ही पुस्तकालय में शोधार्थियों के लिए साहित्यिक चोरी की जाँच हेतु सॉफ्टवेयर क्रय करने का प्रस्ताव किया गया।

- **निर्णय एवं कार्यवाही:**

पुस्तकालय में शोधार्थियों के लिए साहित्यिक चोरी की जाँच हेतु Paperpal सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा दिया गया एवं सभी Commitments की प्रगति समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

- **भविष्य योजना:**

IDP 2023–28 के Long-term goals के अनुसार संस्थान को NAAC गुणवत्ता मानकों में और सुदृढ़ करना।

- **कठिनाइयाँ:**

वित्तीय एवं संरचनात्मक चुनौतियाँ, नीति क्रियान्वयन में समयबद्धता।

- **निष्कर्ष:**

यह समेकित बैठक कार्यवृत्त प्रतिवेदन यह दर्शाता है कि महाविद्यालय ने IDP 2023–28 के अनुरूप सत्र-वार योजनाबद्ध, सहभागी एवं समीक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। यह प्रतिवेदन NAAC निरीक्षण हेतु एक सशक्त, पारदर्शी एवं प्रमाणिक दस्तावेज है।

## संस्थागत विकास कार्ययोजना समिति

1. प्रो. विश्वनाथ वर्मा (संयोजक)
2. डॉ. राजेंद्र प्रसाद (सदस्य)
3. डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह (सदस्य)
4. डॉ. अनिल कुमार (सदस्य)
5. डॉ. प्रमोद कुमार (सदस्य)